कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, राजस्थान जोधपुर

क्रमांकः–राशाशि / महावि / राज / जोध / डीपीएड / 2023 / 191 दिनांकः–14.07.2023

–::: डी0पी0एड0 प्रवेश विज्ञप्ति :::–

राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से अनुमोदन के आधार पर सत्र 2023–24 के लिए डी0पी0एड0 (शारीरिक शिक्षा) में दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण हेतु राज्य के राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय,जोधपुर में आवंटित 50 सीटों एवं रीजनल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज प्रतापगढ में आवंटित 50 सीटो पर प्रवेश हेतु आशार्थियों से प्रवेश प्रार्थना पत्र आमंत्रित किए जाते है। इस पाठ्यक्रम हेतु आवेदनकर्ता की शैक्षणिक योग्यता राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर के सैकण्डरी एवं सीनियर सैकण्ड्री 10 + 2 उत्तीर्ण के समकक्ष होना अनिवार्य है साथ में विद्यालयी स्तर की जिला / राज्य / राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकुद प्रतियोगिता (एस0जी0एफ0आई, द्वारा आयोजित) में भाग लिए होना अनिवार्य होगा। प्रवेश हेतु प्रवेशार्थी की न्यूनतम आयु 01.07.2023 को 18 वर्ष, अधिकतम आयु सामान्य पुरूष 23 वर्ष, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से पिछडे सवर्ण एवं महिला आशार्थियों को नियमानुसार छूट दी जाएगी जो की अधिकतम 28 वर्ष है। उभयलिंगी (ट्रांसजेंडर) नियमानुसार अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आवेदन कर सकते है।

ऑनलाईन आवेदन पत्र महाविद्यालय की वेबसाईट www.gpecjodhpur.in पर दिनांक 24.07.2023 से 07.08.2023 मध्यरात्रि 12:00 बजे तक किया जा सकेगा।

ऑनलाईन भरे हुए आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी जिसमे शुल्क रूपयें 250 / – के भुगतान का विवरण होता है मय अपने सभी शैक्षणिक,जाति प्रमाण पत्र, एन.सी.सी. प्रमाण पत्र व खेल प्रमाण पत्रों की स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपियाँ संलग्न कर दिनांक 14.08.2023 सांय 5.00 बजे तक व्यक्तिशः / डाक द्वारा स्थानीय महाविद्यालय में स्वीकार की जायेगी। उक्त आवेदन की हार्ड कॉपी मय दस्तावेज़ समय पर जमा नहीं करवाने की अवस्था में आवेदन की अभ्यर्थता नहीं मानी जायेगी।

प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट www.gpecjodhpur.in पर उपलब्ध है एवं आगे भी वेबसाइट का अवलोकन करते रहे।

प्राचार्य एवं संयोजक
डीपीएड–2023
राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय
राजस्थान जोधपुर